

## एक नजर में

### कुष्ठ रोगियों के लिए पी ओ डी कैंप आयोजित

**रतलाम।** सीएमएचओ डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के तहत जावरा ब्लाक जिला रतलाम के सिविल हॉस्पिटल जावरा मे कुष्ठ रोगियों के विकृति से बचाव हेतु पी ओ डी केम्प का आयोजन किया गया। कैंप में रोगी को जल तेल उपचार करवाया गया एवं कसरत करवाई गई , साथ ही एम सी आर .,सेल्फ केयर कीट, टब ,पटिया एवं अन्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान बी एम ओ डॉ शंकर लाल खराड़ी, बीपीएम रघुनंदन पाटीदार, एन एम ए महेंद्र सिंह, एन एम ए आजाद पाटीदार, फिजियोथैरेपिस्ट सुश्री प्रियंका हेराल्ड उपस्थित थे।

### विश्व कैंसर दिवस पर आज स्वास्थ्य परीक्षण

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी को मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस पर जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों , सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिविल अस्पताल और जिला अस्पताल में कैंसर जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में सभी 30 से 65 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों की मुख, स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर तथा अन्य कैंसर की जांच की जाएगी।

### मानवता की मिसाल पेश करते रक्तवीर जगदीश

**रतलाम।** मेडिकल कॉलेज, रतलाम में भर्ती डिलीवरी केस की मरीज पूजा देवड़ा (पति – जीवन देवड़ा) को अचानक रक्त की आवश्यकता पड़ गई। रक्तमित्र अक्षांश मिश्रा ने जगदीश सिंघाड संपर्क किया गया। श्री मिश्रा ने तत्काल जगदीश को फोन द्वारा जानकारी दी। जानकारी मिलते ही जगदीश जी ने बिना किसी देरी के अपना सारा कार्य छोड़कर मेडिकल कॉलेज पहुँचने का निर्णय लिया। जगदीश ने पहली बार रक्तदान किया। इस नेक काम में इनका रहा विशेष सहयोग समाजसेविका वेणु हरिवंश शर्मा हेल्पिंग हैंड्स ग्रुप संस्थापक अनिल रावल शांतिलाल पाटीदार राकेश पाटीदार प्रेम प्रकाश मचार।




### विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर अमृत सागर उद्यान में हुआ पौधा रोपण

**रतलाम।** विश्व आर्द्र भूमि दिवस (विश्व वेटलैंड दिवस) 2 फरवरी 2026 के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम रतलाम द्वारा निगम आयुक्त अनिल भाना, स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी अनवर कुरैशी एवं कार्यपालन यंत्री महेश सिरोहिया की उपस्थिति में अमृत सागर उद्यान में वृक्षारोपण किया गया जिसमें स्कूल के बच्चे, शहरवासी एवं आई ई सी टीम उपस्थित रही साथ ही आयुक्त अनिल भाना द्वारा विश्व वेटलैंड दिवस के बारे में संदेश देते हुवे स्कूल के बच्चों एवं शहरवासियों को जानकारी दी गई साथ ही आई ई सी टीम द्वारा वेटलैंड डे के ऊपर नाटक की प्रस्तुति भी दी गई।

### नगर निगम से रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कराएं

**रतलाम।** भू-जल स्तर को बढ़ाने हेतु महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार वर्षा के पानी को भूमि में अधिक से अधिक पंहूचाने हेतु भवनों पर रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना की जाना जिसके तहत नगर के ऐसे नागरिक जिनके द्वारा नगर निगम से जारी भवन अनुज्ञा के समय रैन वॉटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु शुल्क नगर निगम में जमा हुआ परन्तु उनके रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना अपने भवन पर नहीं की गई है वे नगर निगम में आवेदन के साथ निकाय से प्राप्त भवन अनुज्ञा संलग्न कर निगम द्वारा रैन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना अनिवार्य रूप से करायें ताकि भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सकें।

### पुलिया सहित विभिन्न कार्यो के लिए 62 लाख रु की मिली सौगात

**जावरा।** जावरा ग्रामीण विकास की प्राथमिकता को लक्ष्य में रखते हुए विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय निरन्तर रूप से प्रयास कर रहे है, जिसमे सफलता भी मिलती जा रही है। क्षेत्र में पुलिया सहित विभिन्न कार्यो के लिए 62 लाख रु की सौगात मिली है। जिससे क्षेत्र में हर्ष है। उल्लेखनीय है कि जावरा विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ पांडेय द्वारा सुनियोजित रूप से विकास कार्यो के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृतियो के लिए कार्यवाही की जाती है। जब तक स्वीकृतियां नही मिलती तब तक प्रयास अनवरत जारी रहते है। इसी क्रम में बीते दिनों जावरा विधानसभा क्षेत्र में लगभग दस करोड रु की लागत के कार्यो की स्वीकृतियां मिली। जिसमे ग्रामीण क्षेत्र में पुलियां, पर्यटन स्थलों एवं ग्रामो में सामुदायिक भवन ,सांस्कृतिक शेड,विभिन्न स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष, लेबोरेट्री सहित अन्य संसाधन सम्मिलित है।सौगातों का क्रम निरन्तर जारी है।विधायक डॉ पांडेय की अनुशंसा पर जावरा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 62 लाख रु की लागत से तीन महत्वपूर्ण कार्यो की स्वीकृति जारी हुई है। जिसमे ग्राम मुंडला में मन्याखेडी मार्ग पर पिंगला नदी पर पुलिया निर्माण, ग्राम नन्दावता में पर्यटन स्थल पहाडी पर सामुदायिक भवन एवं ग्राम झालवा में मांगलिक भवन के पास सांस्कृतिक शेड निर्माण कार्य है। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पूर्व ही क्षेत्र में लगभग 9 करोड रु की लागत से ग्रामीण विकास व शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सौगातें मिली।जिससे क्षेत्र में हर्ष है।इन स्वीकृतियो पर भाजपा पदाधिकारियो ने क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, पंचायत व ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल व विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### कुष्ठ रोग की जांच कर रोकथाम व बचाव की दी जानकारी



**जावरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रतलाम डॉ संध्या बेलसरे के मार्गदर्शन में एवं जिला कुष्ठ अधिकारी डा वर्षा कुरील के निर्देशन में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम जिला द्वारा कुष्ठ विक्रति स्वरक्षा शिविर सिविल हॉस्पिटल जावरा में हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालडिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, प्रभारी सुपरवाइजर शैलेन्द्र कुमार दवे ने बताया कि इस शिविर में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के मरीजों की कुष्ठ रोग की जांच की गई तथा कुष्ठ रोगों से रोकथाम, बचाव की जानकारी आजाद पाटीदार, महेंद्र सेन, कुष्ठ प्रभारी द्वारा प्रदान की गई, शिविर में दस मरीजों को प्लास्टिक के टब, पटिए, कूचे, एमसी आर चप्पल, सेंडिल,सेल्फ केयर कीट एवं दवाईयां वितरित की गई। कार्यक्रम में डॉ अरुण गुप्ता, फिजियोथेरेपिस्ट रतलाम डॉ प्रियंका हेराल्ड, फिजियो थेरेपिस्ट जावरा डॉ सोनाली पाटीदार, बसंतीलाल मईडा बीईई, रघुनंदन पाटीदार बीपीएम, प्रदीप मीणा बीसीएम, दिनेश उपाध्याय, रामनिवास पाटीदार आदि स्टॉफ़ उपस्थित था।

# नल सुनवाई में नागरिक बोले– नलों में आ रहा गंदा पानी, पाइप लाइन भी लीकेज

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के नागरिक निगम अधिकारियों की अनदेखी से गंदा और मटमेला पानी पीने को मजबूतर हैं। यह खुलासा जनसुनवाई में आई शिकायत से हुआ हैं। इसमें नागरिकों ने नल से गंदा पानी वितरण से लेकर पाईप लाइन लिकेज होने तक की शिकायत की। शिकायत पर टीम ने कस्तूरबा नगर टंकी से तीन पानी के सेम्पल लिए।

**कस्तुरबा नगर टंकी से लिए 3 सेंपल की होगी जांच**

मुख्य शहर से आए दिन गंदे पानी और बदबूदार पानी की शिकायत मिलती ही रहते है, लेकिन शहर के पटरी पार क्षेत्र में भी शुद्ध जल वितरण नहीं हो पा रहा हैं। मंगलवार को पोलोग्राउण्ड टंकी पर आयोजित जल सुनवाई में मोहन बरबेले हल्के मटमेले पानी, सुन्दरलाल मालवीय 14/1, महालक्ष्मीनगर ने पाईप लाईन लीकेज, अल्पेश जैन 37, हनुमान रूण्डी, विजय राठौर हनुमान रूण्डी, विकास कसेरा हनुमान रूण्डी ने गन्दे पानी, राजेश सोलंकी पुरोहित जी का वास व कलाबाई सोलंकी, अयाज खान फ्रीगंज ने पानी की गुणवत्ता चेक करने हेतु सैम्पल दिया गया। कस्तुरबा नगर टंकी पर पानी के तीन सैम्पल प्राप्त हुए जिन्हे चेक कर पास किया गया। प्राप्त 7 शिकायतों में से 6 शिकायतों का निराकरण तत्काल किया गया। आयोजित जल सुनवाई में जलकार्य तथा सीवरेज समिति प्रभारी भगतसिंह भदौरिया, पार्षद योगेश पापटवाल, कार्यपालन यंत्री राहूल जाखड़, सहायक यंत्री सुहास पंडित, उपयंत्री बी.एल. चौधरी, ब्रजेश कुशवाह, केमिस्ट नीरज यादव आदि उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शासन व महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण हेतु नगर निगम द्वारा पोलोग्राउण्ड टंकी व कस्तुरबा नगर टंकी पर प्रातः 10.30 से दोपहर 1 बजे तक जल सुनवाई में नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराई जिनका निराकरण किया गया।




**9 नगरीय निकायों में सुनवाई**

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के निर्देशानुसार पीओ डूडा अरुण पाठक के मार्गदर्शन में रतलाम जिले में 'स्वच्छ जल' अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत मंगलवार को जिले के सभी 9 नगरीय निकायों में 'जल सुनवाई' आयोजित की गई। जल सुनवाई में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 19 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया एवं 1 शिकायत पर कार्यवाही की जा रही है।

# प्रशासन गांव की ओर अभियान 6 को बाजना ब्लाक में, किसानों के लिए लगेगी चौपाल

**रतलाम।** जिले में भारत सरकार एवं राज्य सरकार की चिन्हित फ्लैगशिप योजनाओं में शत प्रतिशत सेचुरेशन को प्राप्त करने के लिए कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के मार्गदर्शन में 'प्रशासन गाँव की ओर अभियान' चलाया जा रहा है।

**क्लस्टर पंचायत मुख्यालय ग्राम पंचायत ईमलीपाड़ाकला पर होगी समीक्षा**

इस अभियान अंतर्गत शासन की फ्लैगशिप स्कीम का क्रियान्वयन, प्रगतिरत महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा एवं जन सुनवाई/किसान चौपाल आयोजित की जाती है।

प्रशासन गांव की ओर अभियान अंतर्गत 6 फरवरी को जनपद पंचायत बाजना अंतर्गत 19 ग्राम पंचायत कुन्दनपुर, भंडानकला, भुतपाड़ा, गढीगमना, गढीकटाराकला, झरनियाउकाला, करबलखोरा, कंण्डल, संगेसरा, बाजना, भोजपुरा, भुरीघाटी, छावनी भाभर, हेवडादामा कला, ईमलीपाड़ा कला, खेरदा, पिपलीपाड़ा रतनगढ़पीठ, ठिकरीया में अनुश्रवण शिविर आयोजित किए जाऐगे।

**दोपहर तक अधिकारी रहेंगे मौजूद**

प्रत्येक पंचायत के लिए जिला स्तरीय नोडल अधिकारी, ब्लाक स्तरीय नोडल अधिकारी एवं ग्राम पंचायत स्तरीय अमले द्वारा उपस्थित होकर प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक आमजन की समस्याओं को सुनकर अनुश्रवण पंजी में दर्ज किया जाएगा। दोपहर 1 से 1:30 बजे तक अभियान के क्लस्टर पंचायत मुख्यालय पर सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित होगे। क्लस्टर पंचायत मुख्यालय पर अनुश्रवण पंजी की कलेक्टर द्वारा समीक्षा की जाएगी। उसके बाद किसानों को कृषि संबंधित मार्गदर्शन के लिए कृषि चौपाल का आयोजन किया जाएगा।



## 33 लाख के कार्य का महापौर ने किया भूमि पूजन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 7 की विभिन्न सड़कों के डामरीकरण व ओपन जिम निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, महामंत्री विवेक शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती देवश्री पुरोहित क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि 31 लाख की लागत विभिन्न सड़कों का डामरीकरण व 2 लाख की लागत से ओपन जिम के निर्माण का कार्य किया जायेगा। उन्होने कहा कि नगर निगम द्वारा नगर व नागरिकों के हित में विकास कार्य करा रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि वे अपने नगर को स्वच्छ सुन्दर बनाने हेतु अपना योगदान देवें।

# मंडल के 7 रेलकर्मी एफिसियंसी मेडल से सम्मानित

**रतलाम।** मुम्बई के यशवंत राव चाव्हान प्रतिष्ठान, मुम्बई में 2 फरवरी को पश्चिम रेलवे चर्चगेट कार्यालय द्वारा 70वां रेल सप्ताह के अंतर्गत विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे प्रदीप कुमार द्वारा पश्चिम रेलवे के विभिन्न मंडलों, उत्पादन एवं निर्माण इकाइयों के कुल 92 अधिकारियों एवं कर्मचारियों जिसमें रतलाम मंडल के 7 रेल कर्मियों को वर्ष 2025 में अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए एफिसियंसी मेडल एवं मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया।

**रेलकर्मी विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से हुए सम्मानित**




विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार मिलने पर मंडल रेल प्रबंधक अश्वनी कुमार ने उपरोक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई द सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियों से अपील की है कि वो अपने-अपने क्षेत्र के कार्यों को पूरी तन्मयता एवं कर्मठता के साथ करें ताकि मंडल के अधिक से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियो को मंडल, जोनल एवं रेलवे बोर्ड स्तर पर सम्मान प्राप्त हो तथा रतलाम मंडल सतत विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

**इन्हें मिला सम्मान**

मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार महाप्रबंधक पश्चिम रेलवे द्वारा पुरस्कृत होने वालों में रतलाम मंडल के कर्मचारियों में सुश्री अंजू कटियार – वरिष्ठ खंड अभियंता (बिजली/डीजल), विद्युत विभाग; दिनेश कुमार मोतीलाल – लोको पायलट (शंटर)-टू , विद्युत विभाग; मनीष धोबी – वरिष्ठ खंड अभियंता (पी-वे), निर्माण विभाग; पियूष जोशी – वरिष्ठ क्लर्क कम टाइपिस्ट, स्थापना विभाग; प्रकाश टेलर – कनिष्ठ अभियंता, यांत्रिक विभाग; राजकुमार साल्या – वरिष्ठ तकनीशियन (सिग्नल), संकेत एवं दूरसंचार विभाग; एवं अवधेश कुमार – मुख्य कार्यालय अधीक्षक, स्टोर विभाग, रतलाम शामिल हैं।

# अवैध शराब में 9 प्रकरण दर्ज,6 आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आबकारी विभाग ने अभियान चलाते हुए अवैध शराब के मामले में कार्रवाई की हैं। टीम ने अवैध शराब में 9 प्रकरण दर्ज कर 6 आरोपियों गिरफ्तार किया हैं।

**अवैध मदिरा विक्रय तथा विनिर्माण के विरुद्ध कार्रवाई**

कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह के आदेशानुसार तथा सहायक आबकारी आयुक्त डा शादाब अहमद सिद्दीकी के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी जिला रतलाम के वृत्त जावरा अ, ब,रतलाम अ,ब, स, परगना, आलोट के संयुक्त दल द्वारा 'वृत्त- जावरा तथा नामली में 3 फरवरी को प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष मनोहर खरे एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी शिवनारायण शिंगनाथ, के मार्गदर्शन में' अवैध मदिरा विक्रेताओं व निर्माताओं पर कार्रवाई कर ग्राम बानीखेडा, लालाखेडा, बाराखेडा, में अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही कर वृत्त प्रभारी जावरा ब एवं परगना द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत 9 प्रकरण दर्ज कर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।कार्यवाही में 9.5 लीटर देशी मदिरा, 34 लीटर हाथ भट्टी मदिरा तथा 12 क्विटंल 20 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर महुआ लहान के सेम्पल लेकर शेष लहान नष्ट किया गया। जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल 'अनुमानित मूल्य रु. 150,000/- (एक लाख पचास हजार रूपए) है। कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक वन्दना अग्रवाल, सचिन भास्करे, पुष्पराज चौहान, चेतन वेद, संतोष मंडलोई, अविनाश भूरिया, आबकारी मुख्य आरक्षक ओमप्रकाश सांवरिया, तथा आबकारी आरक्षक बनसिंह, रामचरण पंवार, मनोज वर्षी, दिनेश खारोल ममता निनामा विक्टोरिया डामोर, संतोष नैका नगर सैनिक नरेंद्र भाटी शामिल थे।

## कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर, किसानों को उन्नत तकनीकों कीजानकारी दी

**रतलाम।** उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास श्रीमती नीलम सिंह चौहान ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 11 जनवरी से 11 फरवरी तक जिले मे कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कृषि रथ का संचालन किया जा रहा है। जिसमें कृषि एवं संबद्ध विषयों जैसे उद्यानिकी, पशुपालन, आत्मा, मत्स्य पालन आदि पर किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों के मध्य सीधा संपर्क कायम कर नवीन एवं वैज्ञानिकी तकनीकी सुधार की जानकारी कृषकों को दी जा रही। मंगलवार को विकासखंड आलोट के साँगाखेडा, खारवाखुर्द, किशनगढ़, थम्बगुराडिया विकासखंड बजाना के उमर, आमलीपाडा, बिलडी, विकासखंड पिपलोदा के कांसेर, भाटखेडा, चिकलाना विकासखंड सैलाना के कांगसी, सुंडी विकासखंड रतलाम के पंचेड, नामली, पलटूना विकासखंड जावरा के रिंगनोद, गोठडा, कामलिया में कृषि रथ द्वारा भ्रमण कर उन्नत तकनीकी की जानकारी देकर जागरूक किया।

## शासकीय स्कूल में साइबर अपराध एवं महिला-बाल सुरक्षा पर जागरूकता सेमिनार आयोजित

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार द्वारा जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत आम नागरिकों से निरंतर जनसंवाद स्थापित करने, उनकी समस्याओं को समझकर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा आमजन को सायबर अपराधों एवं महिला एवं बालकों के विरुद्ध होने वाले अपराधों के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता सेमिनार आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में एसडीओपी जावरा संदीप मालवीय एवं उप पुलिस अधीक्षक (प्रशिक्षु) अनिशा जैन द्वारा थाना पिपलौदा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ग्राम पंचेवा में एक जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।सेमिनार का उद्देश्य एवं विषयवस्तु :सेमिनार के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को वर्तमान समय में बढ़ते सायबर अपराधों, जैसे ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/मैसेज, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, ओटीपी एवं व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही महिला एवं बालकों के विरुद्ध होने वाले अपराधों, उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से संपर्क करने के तरीकों के बारे में भी जागरूक किया गया।

अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं को बताया गया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, ऑनलाइन ठगी या असहज स्थिति में डरें नहीं, बल्कि तुरंत अपने अभिभावकों, विद्यालय प्रशासन अथवा पुलिस को सूचना दें। साइबर अपराध की स्थिति में 1930 साइबर हेल्पलाइन एवं नजदीकी थाना/सायबर सेल से संपर्क करने की जानकारी भी दी गई।

## पटेल साहब की पुण्यतिथि पर मरीजों को कराया स्वल्पाहार

**जावरा।** जैन सोश्यल ग्रुप मैत्री द्वारा समाज गौरव स्व. कन्हैयालाल धारीवाल (पटेल साहब) की 5 वीं पुण्यतिथि पर धारीवाल परिवार के सौजन्य से शा. चिकित्सालय में सेवा, संवेदना की मानवीय पहल करते हुए समस्त रोगियों को स्वास्थवर्धक एनर्जी पेय व स्वल्पाहार कराया, साथ ही चिकित्सालय में भरती मरीजों के अटेंडरों को भी स्वल्पाहार कराया उपरोक्त जानकारी देते हुए जैन सोश्यल ग्रुप जावरा मैत्री के उपाध्यक्ष अर्पल कोचट्टा व प्रचार सचिव मनीष मेहता नें बताया की इस अवसर पर ग्रुप द्वारा टीबी मरीजों के लिए पोषण आहार भी वितरित किया गया, आयोजन में जेएसजी जावरा मैत्री अध्यक्ष राजेश पोखरना नें कहाँ की जेएसजी जावरा मैत्री द्वारा मानव सेवा को चरितार्थ करते हुए रोगियों को स्वास्थ्य वर्धक सुरक्षा पेय व टीबी मरीजों को पोषण आहार कराया। ग्रुप सचिव शशांक व श्रेया मेहता की विवाह वर्षगांठ भी मनाई। चिकित्सालय प्रभारी डॉ. दीपक पालड़िया, मैत्री संस्थापक अध्यक्ष अनिल धारीवाल, पूर्व अध्यक्षगण संदीप रांका, आलोक बरैया, आशीष पोखरना, सचिव शशांक मेहता, अर्पल कोचट्टा, तरुण टुकडिया, चिंतन टुकडियामौजहूद थे।

**तेजा दशमी पर्व** — देह व्यापार और शराब कारोबार के खिलाफ शेरपुर के नेतृत्व में छात्र-छात्राओ ने पैदल मार्च के साथ चौकी का किया था घेराव

# ग्रामीणों के आक्रोश के बाद पुलिस महकमा पहुंचा बाछड़ा डेरों में

**नवभारत न्यूज़**

**जावरा/ढोढर।** जावरा तहसील के ग्राम पिपलिया जोधा में लंबे समय से चल रहे अवैध देह व्यापार और शराब कारोबार के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश उफान पर आने के बाद अब पुलिस महकमा हरकत में आया है। मंगलवार को रतलाम से महिला डीएसपी व जावरा एसडीओपी ढोढर बाछड़ा डेरों मे पहुचे ओर समुदाय के लोगो को समझाईश दी। बताते चले कि, करणी सेना परिवार के प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर के नेतृत्व में 31 जनवरी शुक्रवार को पिपलिया जोधा से माननखेड़ा पुलिस चौकी तक सैकड़ों की संख्या में महिलाएं, पुरुष और स्कूल के छात्र-छात्राएं पैदल मार्च कर पहुंचे और धरना-प्रदर्शन किया था। धरना देकर वहा उपस्थित आला अधिकारियो को 10 सूत्रीय मांगों से संबंधित मांग पत्र सोपा। ग्रामीणों की मांग थी कि बस्ती के पास और शासकीय स्कूल के सामने चल रहे इन अवैध अड्डों (डेरो) को तत्काल अन्य स्थान पर शिफ्ट किया जाए तथा पूरी तरह बंद किया जाए। जीवनसिंह और उपस्थित ग्रामीणों ने प्रशासन के अधिकारियों को 15 दिन के अंदर कार्रवाई करने का समय दिया था। तीसरे दिन ही पुलिस अधिकारी ढोढर बाछड़ा डेरों मे पहुचे ओर समुदाय के लोगो वन टु वन की।



**ग्रामीणों की यह है 10 मांगे:** गांव में स्थाई चौकी बनाने, आरोपियों पर धारा 307 लगाने, बांछड़ा समुदाय के जो लोग देह व्यापार करते हैं, उनको वहा से हटाने, उनके द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण कर बनाए गए घरों की जांच कर उन्हे गिराने, ग्राम पंचायत के उप सचिव को जो उनके समाज का है उस पर संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए उसे हटाने की मांग की। ज्ञापन में यह भी बताया गया कि जहां पर बाछड़ा समुदाय के घर बने हुए हैं और देह व्यापार होता है वहीं पर सरकारी स्कूल भी संचालित होते हैं। जिससे वहां पढ़ने वाले बच्चों को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**इसलिए किया था प्रदर्शन:** गांव पिपलिया जोधा में रोड किनारे बाछड़ा समुदाय के कुछ घरों में देह व्यापार का काम होता है। जहा बाहर से अय्याशी करने आए कुछ लोग डेरो में जाने की बजाए डेरो के पास ग्रामीण बस्ती के बने घरो के बाहर पहुंच गए, जिन्हे घर के लोगो ने भगाया, पर बाछड़ा समुदाय के लोगों ने ग्राहक भगाने की बात को लेकर विवाद करते हुए पथराव कर दिया था, पत्थरबाजी मे चंद्रवंशी समाज की महिला और पुरुष घायल हुए। पुलिस ने फरियादी पूजा चंद्रवंशी की रिपोर्ट पर बाछड़ा समुदाय के 13 लोगों पर मारपीट व अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया और कार्रवाई की थी।

**एसडीओपी व महिला डीएसपी पहुचे डेरों में**

मंगलवार को जावरा एसडीओपी संदीप मालवीय ढोढर बाछड़ा डेरों में पहुंचे। पुरुष, महिलाओं और स्कूल में पढ़ने वाली बालिकाओं से जन संवाद किया। एसडीओपी के साथ महिला डीएसपी अनीशा जैन और चौकी प्रभारी रघुवीर जोशी उपस्थित थे।